श्री

काशी मुमुक्षु भवन सभा

स्थापित १६२६

सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट संख्या २१

सन् १८६० के अन्तर्गत रजिस्टर्ड

कार्य विवरण

तथा

आय-व्यय का लेखा

दीपावली १९७६ से ३१ मार्च १९८० तक

प्रधान कार्यालय

मुमुक्षु भवन, अस्सी

वाराणसी-२२१००५

श्री

काशी मुमुक्षु भवन सभा

वार्षिक कार्य विवरण तथा
आय-व्यय का लेखा

(दीपावली १९७६ से ३१ मार्च १९८० तक)

पंजीकृत कार्यालय
अस्सी, वाराणसी (उ० प्र०)

नम्र निवेदन

काशी मुमुक्षु भवन सभा अपने जीवन के ५० वर्ष पूर्ण कर चुकी है। इस अवधि में इस संस्था ने काफी विस्तार पाया और अपने उद्देश्यों तथा लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित करती रही। अनेक संतों, महात्माओं, श्रद्धालुओं और धर्मप्रिय दाताओं ने इस संस्था का पोषण किया है। आज हम उन सभी का स्मरण करते हुए उनके प्रति हार्दिक श्रद्धा अर्पित करते हैं।

विगत वर्षों में संस्था का विकास अवरुद्ध हो गया था। सौभाग्य से संस्था के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवासजी बिरला एवं उपाध्यक्ष श्री रामेश्वरलाल जी नोपानी ने इस ओर विशेष ध्यान दिया। फलस्वरूप संस्था को नया स्वरूप प्राप्त हो रहा है।

देश में यही एक ऐसी संस्था है जहाँ दण्डी संन्यासी, मुमुक्षु और संस्कृत-विद्या के जिज्ञासु तीनों ही एक प्रांगण में रहते हैं और भारतीय धर्म तथा संस्कृति की परम्परा को अग्रसर करते हैं।

समय के अनुसार संस्था और अधिक उपयोगी बन सके, और अधिक सेवा कर सके इसके लिए संस्था ने अनेक कार्यक्रम संचालित करने की योजना बनाई है। इनका विवरण आगे दिया हुआ है। ये सभी कार्यक्रम उदारमना महानुभावों के सहयोग से क्रियान्वित हो सकते हैं।

मन्त्री

प्रेरक

ब्रह्मीभूत १००८ स्वामी घनश्यामानन्दजी तीर्थ

संकल्पक

राजा बलदेवदास बिरला

संस्थापक

पुण्यश्लोक जुगलकिशोर बिरला

काशी मुमुक्षु भवन सभा

आशुतोष अवढरदानी भगवान् शंकर के त्रिशूल एवं पतितपावनी भगवती भागीरथी के परम पुनीत तट पर स्थित काशीपुरी युग-युग से प्राणियों को मोक्ष प्रदान करती आ रही है। उत्तर-वाहिनी गंगा इसका सदैव स्पर्श करती हुई इसे श्री, सुषमा और शुचिता का वरदान देती रहती है। गंगा-स्नान, विश्वनाथ के दर्शन और मां अन्नपूर्णा की उपासना से जीव के जन्म-जन्मान्तर के सारे कलुष-पाप तत्काल दूर हो जाते हैं। भारत के सभी महान् साधु-संतों ने इसे स्वीकार किया है कि काशी में शरीर त्याग करने वाले प्रत्येक प्राणी को भोलेनाथ महादेव तारक मन्त्र का उपदेश देते हैं जिससे उसे सहज ही परमात्मा का दर्शन हो जाता है और वह उसी क्षण आवागमन के बन्धन से छूट जाता है। परमहंस स्वामी रामकृष्ण को मणिकर्णिका घाट पर समाधिस्थ अवस्था में इस तथ्य का अनुभव हुआ था। नीलकण्ठ मृत्यंजय महादेव की नित्य विहार-भूमि होने के कारण इस काशीखण्ड में सारे देव, और देव-शक्तियों का निवास है। सरल भाव से, निष्कपट हृदय से, भूतभावन शंकर को पूर्ण रूप से समर्पित होकर साधारण-से-साधारण व्यक्ति भी काशी में चारों पुरुषार्थों को पा सकता है।

ऐसी पुण्य नगरी काशी के कर्मयोगी सन्तों की प्राचीन परम्परा में स्वामी घनश्यामानन्द जी तीर्थ का नाम-स्मरण बड़े आदर-सम्मान के साथ किया जाता है। उनकी साधना, तपश्चर्या और विद्वत्तापूर्ण प्रवचनपटुता से अगणित व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। जब वे पण्डित घनश्यामदास के नाम से गृहस्थाश्रम में प्रतिष्ठित थे तभी उन्होंने लोक-मंगल की भावना से काशी नगरी में एक ऐसी संस्था की स्थापना का संकल्प किया जहाँ शास्त्रोक्त रीति से रहकर जीवन के परम पुरुषार्थ मोक्ष की प्राप्ति का प्रयास किया जा सके। शास्त्रकारों ने कहा है कि—'सतां सिद्धिः सत्वे वसति महतां नोपकरणे'—अर्थात् सिद्धियाँ सत्पुरुषों के संकल्प में निवास करती हैं, उपकरणों में नहीं। अतएव स्वामी जी महाराज का संकल्प शीघ्र ही साकार हो गया।

स्वनामधन्य राजा बलदेवदासजी बिरला ने स्वामी जी के सत्संकल्प का समादर करते हुए १९ नवम्बर सन् १९१९ को काशी के अस्सी नामक महत्त्व-

पूर्ण गंगा के निकटवर्ती स्थान पर एक बीघा बारह विस्वा भूमिखण्ड खरीदा, उसमें निर्माण-कार्य हेतु दस हजार रुपयों की व्यवस्था की और सन् १९२० में सात सदस्यों का एक ट्रस्ट बनाकर उसको उक्त भूमि तथा रुपये सौंपते हुए यह निर्देश दिया कि काशी आने वाले तीर्थयात्रियों तथा काशी-वास करने की दृष्टि से आने वाले श्रद्धालुओं के आवास आदि की व्यवस्था कराई जाए तथा उनके लिए नियम आदि बनाए जाएँ। किन्तु सन् १९२९ तक न तो संस्था बनी और न नियम ही बने तथा अनेक ट्रस्टियों की मृत्यु हो गई। उधर पंडित घनश्यामदास जी संन्यास लेकर स्वामी घनश्यामानन्द तीर्थ हो गये और उन्होंने भी ट्रस्टीपद से त्यागपत्र दे दिया। उसी समय काशी के कुछ प्रमुख समाज-सेवियों तथा श्रद्धालुओं ने यह अनुभव किया कि राजा साहब द्वारा निर्मित ट्रस्ट के अनेक ट्रस्टियों का निधन हो गया है और शेष ट्रस्टियों द्वारा भी ट्रस्ट के उद्देश्य तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहा है तब उन्होंने सन् १९२९ में 'काशी मुमुक्षु भवन सभा' नाम से सोसाइटीज़ ऐक्ट में रजिस्टर्ड संस्था का निर्माण किया जिसने विधिवत् संस्था का स्वरूप ग्रहण किया, नियम बनाए गये और इस रजिस्टर्ड संस्था ने बहुत सी भूमि दान-स्वरूप प्राप्त कर और क्रय कर प्राप्त की और उनमें मुमुक्षुओं के लिए आवास, संन्यासियों के लिए ईश्वर मठ और संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए वेद-वेदाङ्ग विद्यालय स्थापित किया। श्री गौरीशंकरजी गोयनका का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा।

ऐसी परिस्थिति में राजा बलदेवदासजी बिरला द्वारा स्थापित ट्रस्ट की सम्पत्ति का संचालन भी काशी मुमुक्षु भवन सभा रजिस्टर्ड संस्था द्वारा किया जाने लगा। राजा साहब ने सन् १९५२ में एक स्थापना विलेख (सेटलमेंट डीड) लिखकर इसकी पुष्टि कर दी कि उनके द्वारा स्थापित ट्रस्ट सम्पत्ति जो विगत अनेक वर्षों से काशी मुमुक्षु भवन सभा के अधिकार में रही है और सभा उनके द्वारा निर्धारित उद्देश्यों तथा लक्ष्यों हेतु प्रयुक्त करती रही है, इसमें उन्हें न कभी कोई आपत्ति रही है, न है, वरन् उनकी सहमति है।

राजा साहब के बाद उनके पुत्र भारतीय संस्कृति के उन्नायक धर्मप्राण सेठ जुगलकिशोरजी बिरला की काशी मुमुक्षु भवन सभा के प्रति गहरी अभिरुचि रही और समय-समय पर वे इसकी सहायता करते रहे। इस समय उनके सुपुत्र श्री लक्ष्मीनिवासजी बिरला अध्यक्ष के रूप में इस संस्था के संरक्षण-संवर्द्धन और संचालन के प्रति जागरूक हैं और इसको आधुनिक रूप प्रदान कर अधिकाधिक लोकोपयोगी बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं।

INDEX
1. STHAYI AWAS.
2. LOHIA CHOWK.
3. STAFF QUARTER (PROPOSED)
4. GUEST HOUSE.
5. " "
6. " "
(PROPOSED)
7. VITTO CHOWK.
8. JUDGES BUNGLOW.
9. LANKA.
10. PACCA CHOWK.
11. GANESHCHOWK.
12. PARYATAK AWAS. (PROPOSED)
13. YAGYA SHALA. (PROPOSES)
14. MANDIR :- RADHAKRISHNA & BADRISHWAR MAHADEVA.
15. HANUMANMANDIR (PROPOSED)
16. VED-VEDANG PUSTAKALAYA.
17. VIDYALAYA OFFICE.
18. MUMUKSHU BHAWAN OFFICE, FLATS & SHOPS.
19. VEDA-VEDANG VIDYALAYA.
20. ISHWAR MATH. NO. 1
21. " "
22. " "
NO. 2
23. " "
24. " "
NO. 3
25. GHANSHYAMANANDJI KUTI.
26. TEMPLES.
27. P. WELLS.
LANE
ROAD ASSI TO LANKA.
THE SITE OF PLOT NOs OF MUMUKCHHU BHAWAN.
1. 2494
2. 2495
3. 2496
4. 2497
5. 2498
6. 2501
7. 2502
8. 2503
9. 2504
10. 2505
11. 2506
12. 2507
13. 2508
14. 2509
15. 2510
16. 2512
LAY-OUT PLAN OF S.M. PLOT NOs
KASHI MUMUKSHU BHAWAN SABHA
AT ASSI-VARANASI
W
S
N
E
60' 45' 30' 15' 0 60' 120' 180' 240' 300'
EXISTING BUILDING
NEW CONSTRUCTION

काशी मुमुक्षु भवन सभा में जब भवनों का निर्माण आरम्भ हुआ उस समय निर्माण की कोई सुनिश्चित योजना नहीं बनाई गई। भवन तथा कमरे दाताओं की सुविधानुसार बनाये गये। पूरे भवन की आवश्यकता की परिकल्पना नहीं की गई। कोई भवन कहीं बना, कोई कहीं। कुछ कमरे बहुत छोटे बन गये, कुछ असम्बद्ध रूप से बड़े। शौचालय, स्नानागार आदि की भी समुचित व्यवस्था नहीं की गई। पाँच एकड़ क्षेत्र में विस्तृत 'काशी मुमुक्षु-भवन' के चारों तरफ चहार दीवारी नहीं बनी थी। फलस्वरूप अवांछित तत्व तथा अन्य लोग भी जिधर से चाहते थे प्रवेश कर जाते थे, सुरक्षा नाम मात्र को भी नहीं थी। आए दिन आवासियों और संस्था का सामान चोरी होता रहता था।

वर्षों पूर्व बनी सीवर लाइन बन्द हो चुकी थी। पानी की व्यवस्था सर्वथा अपर्याप्त थी, प्रकाश का भी समुचित प्रबन्ध नहीं था। बिजली की लाइनें जीर्ण हो चुकी थीं। कितने खण्ड भग्नावशेष मात्र रह गये थे। शौचालय तथा स्नानागार की दुर्व्यवस्था थी। मठ के स्वामी लोगों को शौच के लिए लगभग ५०-६० मीटर दूर संस्था के एक छोर पर जाना पड़ता था। संस्था में गन्दगी भी फैली हुई थी। ऐसी स्थिति में भवन को सुसंगठित रूप प्रदान करने और कमरों को सुविधायुक्त बनाने के लिए तोड़-फोड़ करने और इसे साधन-सम्पन्न, आधुनिक सुविधाओं से युक्त और उद्देश्यों की पूर्ति में समर्थ बनाने की आवश्यकता प्रतीत हुई।

काशी मुमुक्षु भवन सभा का निर्माण जिस समय हुआ था उस समय देश और समाज की परिस्थितियाँ आज से सर्वथा भिन्न थीं। जन-मानस में धर्म के प्रति आस्था, सेवा, त्याग और नैतिकता की भावना थी, किन्तु कालान्तर में जनमानस में जो परिवर्तन हुआ उससे संस्थाओं का रूप बिगड़ने लगा। 'काशी मुमुक्षु भवन सभा' भी इससे अप्रभावित न रह सकी।

संस्था के सुदिन लौटने थे। संयोग से सन् १९७६ में कलकत्ता के प्रमुख उद्योगपति श्री रामेश्वरलालजी नोपानी अपना सारा कार्य-व्यापार त्याग कर काशीवास की दृष्टि से काशी आए। इन्हीं दिनों संस्था के अध्यक्ष श्री लक्ष्मी-निवासजी बिरला भी यज्ञ हेतु काशी पधारे और उन्होंने नोपानी जी से अनुरोध किया कि वे काशी मुमुक्षु भवन सभा की देखभाल का भार सँभालें और संस्था को सजीव, सचेतन और समर्थ बनाने का प्रयास करें। नोपानी जी ने बिरलाजी

का अनुरोध स्वीकार करते हुए मुमुक्षु भवन के विकास के लिए विस्तृत योजना बनानी आरम्भ की और बिरला जी ने तथा न्यास-मंडल के सदस्यों ने स्वयं दान दिया ही, अन्य दाताओं से भी संस्था को महत्वपूर्ण अनुदान दिलाया।

सर्वप्रथम पूरे क्षेत्र का मानचित्र बनवाया गया और योजनाबद्ध रूप से कार्य आरम्भ करते हुए संस्था की सुरक्षा के लिए पाँच एकड़ क्षेत्र में फैले हुए मुमुक्षु भवन परिसर के चारों ओर ऊँची चहार दीवारी बनवाई। दण्डी स्वामियों तथा आवासियों के लिए समुचित शौचालय तथा स्नानागार की व्यवस्था नहीं थी, वे भी बनवाए गये। सीवर, जो समाप्त हो चुका था, नये सिरे से ठीक करवाया गया और नई सीवर लाइनें भी बनवाकर मुख्य सड़क के सीवर से जुड़वाई गईं। जल की व्यवस्था के लिए सात बड़ी टंकियाँ बनवाई गयीं और कुओं में अतिरिक्त पम्प तथा मोटर लगवाये गये। सभी भवनों में जल पहुँच सके, इसके लिए पाइप लाइन बिछवाई गई। सफाई के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की गई। जीर्ण-शीर्ण भवनों की मरम्मत कराई गई। प्रकाश की व्यवस्था में भी सुधार किया गया। पुराने शिव मन्दिर का नवीनीकरण श्री बद्रीदासजी कोठारी, कलकत्ता के सहयोग से हुआ। राधाकृष्ण मन्दिर की स्थापना श्री हरिरामजी अजीतसरिया, गौहाटी के द्वारा हुआ। हनुमान जी का एक मन्दिर भी काठमांडू के श्री राजकुमारजी चौधरी के सहयोग से बन रहा है। भगवान् विष्णु तथा माँ दुर्गा का मन्दिर भी श्रीराधाकृष्णजी झुनझुनवाला के सहयोग से बनाने का प्रस्ताव है। पुरानी यज्ञशाला मन्दिरों से दूर किनारे होने के कारण उसका उपयोग नहीं हो पाता अतः नई यज्ञशाला मन्दिरों के निकटबनवाईजा रही है। इस यज्ञशाला केलिए भी कलकत्ता के श्रीराधाकृष्ण जी झुनझुनवाला से अनुदान प्राप्त हो रहा है। अनेक तीर्थयात्री धार्मिक कार्यों से काशी आते हैं। उनके आवास तथा भोजन की व्यवस्था न होने से उन्हें कठिनाई होती है। इस दृष्टि से मुमुक्षु भवन में यात्रियों के लिए फिलहाल २५ कमरे सुरक्षित किए गए हैं और लगभग २४ कमरे और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने की योजना है। भोजनालय भी संस्था की ओर से संचालित हो रहा है जहाँ शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था है।

संस्था के हित तथा विकास की दृष्टि से उसकी पुरानी नियमावली में यथा-आवश्यक संशोधन किये गये। संस्था की सम्पत्ति की सुरक्षा के लिए सोसायटी के अन्तर्गत ट्रस्ट बोर्ड का गठन किया गया। इससे संस्था के प्रति दान-दाताओं में आस्था बढ़ी जिससे संस्था विकास की ओर अग्रसर है।

यह सब होने के बाद भी आज इस संस्था में अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य अपेक्षित हैं। विशाल भवनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए काफी धनराशि की आवश्यकता है।

संस्था के अन्तर्गत संचालित मुमुक्षु भवन वेद-वेदाङ्ग महाविद्यालय के विकास हेतु लगभग पचास हजार रुपये की आवश्यकता है और वार्षिक व्यय के लिए लगभग २० हजार रुपये अपेक्षित हैं। ईश्वर मठ की सीमित धनराशि है, जिसका व्याज इतना कम आता है कि उससे मठ का व्यय चला सकना सम्भव नहीं है। ऐसी स्थिति में ईश्वर मठ के लिए ढाई लाख रुपये के स्थायी कोश की आवश्यकता है जिसके व्याज से ईश्वर मठ के दण्डी स्वामियों की सेवा हो सके। स्वामियों के भण्डारे के लिए एक योजना बनायी गई है।

मठ के स्वामियों को प्रातः कच्चा अथवा पक्का भोजन तथा सायं दूध दिया जाता है। कच्चे भोजन में लगभग एक-सौ रुपये व्यय होते हैं और पक्के भोजन में ढाई-सौ रुपये। इस हेतु एक-हजार और ढाई-हजार रुपये भंडारा स्थायी कोष के अन्तर्गत लिए जा रहे हैं जिन्हें स्थायी जमा के अन्तर्गत बैंक में जमा करा दिया जाता है। इससे दस-प्रतिशत वार्षिक व्याज की आय होती है। इस राशि से दाता द्वारा निर्धारित तिथि को अथवा किसी सुविधाजनक दिन मठ के स्वामियों को भिक्षा कराई जाती है। इस योजना के अन्तर्गत अबतक लगभग पचीस-हजार रुपये प्राप्त हो गये हैं। स्वामियों के दूध के लिए श्री घनश्यामदास भगत चैरिटी ट्रस्ट कलकत्ता से प्रतिवर्ष अनुदान स्वरूप २४६० रुपये प्राप्त होते हैं। इस निमित्त भी दाताओं से अनुदान की अपेक्षा है।

ज्यों-ज्यों काशी मुमुक्षु भवन सभा का कार्य बढ़ता जाता है, प्रशासनिक व्यय भी बढ़ता जा रहा है। काशी मुमुक्षु भवन सभा के सुचारु रूप से संचालन के लिए १ लाख रुपये वार्षिक की अपेक्षा है। सभा के सभी खण्डों का जीर्णोद्धार तथा प्रस्तावित भवनों का निर्माण हो जाने पर आशा है देश के तीर्थयात्री तथा पर्यटक आकर ठहरने लगेंगे और इस प्रकार संस्था का प्रशासनिक व्यय बहुत कुछ प्राप्त होने लगेगा। उपर्युक्त प्रवृत्तियों के साथ शिवशंकर क्षेत्र के अन्तर्गत दरिद्र नारायण की सेवा के लिए नित्य भोजन की व्यवस्था है। रोगियों की चिकित्सा के लिए होमियोपैथिक दातव्य चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। ये सभी प्रवृत्तियाँ दाताओं तथा धर्मप्राण व्यक्तियों के सहयोग से संचालित होती हैं, जिनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

न्यास मण्डल के सदस्य

श्री लक्ष्मीनिवास बिरला

श्री पं० गिरधारीलाल मेहता

श्री राधाकृष्ण कानोड़िया

श्री रामेश्वरलाल नोपानी

श्री भगवतीप्रसाद खेतान

श्री गिरधरदास कोठारी

श्री मोहनलाल जालान

द्वार

मुमुक्षु भवन के तीन द्वार हैं। द्वार नंबर एक बड़ा द्वार है, वह सवारी आदि के लिए खोला जाता है। सामान्य आवागमन द्वार नंबर दो से होता है। इस द्वार का जीर्णोद्धार बेगूसराय के श्री वंशीधरजी टीवड़ेवाल की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी ने कराया। तीसरा द्वार संस्था के अन्तिम छोर पर अस्सी नाले के निकट है। यह द्वार प्रस्तावित अतिथि निवास, लोहिया चौक तथा स्थायी आवासियों के लिए सुविधाजनक होगा।

मुमुक्षु भवन में गृहस्थों के स्थायी और अस्थायी आवास के लिए विभिन्न भवन हैं—

१. फुलवारी चौक

मुख्य द्वार के ऊपर अस्थायी आवास के लिए ८ कमरे हैं जिनमें ५ बड़े और ३ छोटे हैं तथा सामूहिक शौचालय तथा स्नानागार की व्यवस्था है। प्रत्येक कमरे में चौकी, गद्दा, कुर्सी, मेज, पंखा, बिजली आदि की व्यवस्था है। इसी खण्ड में एक बड़ा कमरा है जिसमें बड़ा परिवार ठहर सकता है।

२. गेस्ट हाउस

इन्हीं कमरों के बगल में स्वतन्त्र रूप से दो कमरे, रसोई घर, शौचालय, स्नानघर, बरामदे सहित पहली मंजिल पर एक स्वतन्त्र फ्लैट है जो धार्मिक कार्यों अथवा पर्यटन की दृष्टि से कुछ दिनों के लिए काशी आने वाले परिवारों को दिया जाता है।

३. गणेश चौक

इसमें गणेश मन्दिर तथा भोजनालय के ऊपर अस्थायी आवासियों के लिए ३ बड़े और ४ छोटे कमरे हैं। स्नानागार और शौचालय भी सुविधापूर्वक बने हुए हैं। नीचे भोजनालय (वासा) है जहाँ आगन्तुकों के लिए भोजन की व्यवस्था है। इसी में एक विशिष्ट अतिथि कक्ष है जिसमें एक सोने का, एक बैठने का कमरा है, रसोई घर है और शौचालय तथा स्नानघर हैं। सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं।

प्रमुख शुभेच्छु तथा दाता

श्री कृष्णकुमार बिरला

श्री वसन्तकुमार बिरला

भुवालका जन कल्याण ट्रस्ट के अधिष्ठाता

श्री रामकुमारजी भुवालका

श्री अभिमन्युकुमार भुवालका

४. पक्का चौक

गणेश चौक से सटा ही हुआ पक्का चौक है जिसमें ऊपर की ओर ३ बड़े कमरे, ४ छोटे कमरे और रसोई घर है, शौचालय तथा स्नानघर की भी व्यवस्था है। नीचे की ओर ८ छोटे और एक बड़ा कमरा है जिनमें कुछ स्थायी आवासी वास करते हैं और कुछ अस्थायी आवासियों के लिए सुरक्षित हैं। इन्हें भी आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

५. मन्दिर चौक

मन्दिर के पीछे चार कमरे ऊपर हैं और चार कमरे नीचे। इनमें से कुछ स्थायी आवासियों के लिए और कुछ अस्थायी आवासियों के लिए हैं।

६. लोहिया चौक

इस चौक में स्थायी आवासी रहते हैं। इसमें छोटे-बड़े मिलाकर २० कमरे हैं। अधिकतर परिवार सहित रहने वालों को ही इसमें स्थान दिया जाता है। सामान्यतः इस कक्ष में कमरे रिक्त नहीं मिलते।

७. स्थायी आवास

स्थायी आवास मुमुक्षु भवन का मुख्य तथा प्राचीन भवन है। इसमें केवल स्थायी आवासियों को ही स्थान दिया जाता है। स्थायी आवासियों से तात्पर्य है अवकाशप्राप्त स्त्री-पुरुष जो काशी में रहकर अपना शेष जीवन धार्मिक कार्यों में व्यतीत करना चाहते हैं। इस भवन में छोटे-बड़े लगभग ५० कमरे तथा रसोई घर आदि हैं जिनमें लगभग पैंतीस परिवार वास करते हैं। इसमें भी बिजली पानी, शौचालय तथा स्नानागार की सुविधा है।

८. बिट्टो चौक

स्थायी आवास से सटे हुए ही बिट्टो चौक के नाम से दो मंजिला इमारत है जिसमें ऊपर तीन कमरे और नीचे तीन कमरे हैं जो स्थायी आवासियों के लिए सुरक्षित हैं।

९. श्री नित्यानन्द निवास

बिट्टो चौक के बगल में ही नित्यानन्द निवास अथवा जज साहब की कोठी के नाम से विख्यात एक बंगला है जिसमें आगे बड़ा सा लान है, पीछे खुली जगह है। इसमें चार छोटे-बड़े कमरे हैं और आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्नान-घर आदि हैं। यह विशिष्ट आवासियों के लिए सुरक्षित है।

मुमुक्षु भवन में लगभग १२० कमरे हैं जिनमें स्थायी-अस्थायी दोनों ही प्रकार के आवासी हैं। यद्यपि काफी कमरे सुधरवाये गये हैं फिर भी इनमें से लगभग ६० कमरे बहुत अधिक मरम्मत माँगते हैं, जिनकी खिड़कियां, दरवाजे तथा फर्श आदि खराब हो गये हैं, जिनकी मरम्मत में काफी रुपये व्यय होने की सम्भावना है।

आगामी योजना

अधिकांश भवन पुरानी पद्धति के बने हुए हैं और काशी आने वाले अनेक धार्मिक तथा पर्यटक आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवास की अपेक्षा रखते हैं। अतएव उनकी सुविधा के लिए निम्नलिखित नये भवनों के निर्माण की योजना है। पुराने भवन की अपर्याप्त अथवा छोटी सीढ़ियाँ, स्नानागार, शौचालय भी नये सिरे से बनवाने होंगे।

१०. पर्यटक आवास

मन्दिर के पीछे एक तिमंजिला भवन बनाने की योजना है जिसके प्रत्येक खण्ड में ८ कमरे होंगे और सभी कमरे आधुनिक स्नानागार तथा शौचालय से सम्बद्ध होंगे तथा प्रत्येक कमरे के आगे एक बालकनी होगी। प्रस्तावित पर्यटक-आवास का मानचित्र तथा कमरों की रूपरेखा इसी पुस्तिका में मुद्रित है। इसके एक कमरे का निर्माण व्यय बीस हजार रुपये आँका गया है। और इसे सज्जित करने का व्यय पाँच हजार रुपये प्रति कमरा होगा। जो दाता यह राशि देंगे उस कमरे पर उनके नाम का पत्थर लगा दिया जाएगा। प्रत्येक कमरे में दो पलँग, सोफा, एक टेबुल, दो कुर्सियाँ तथा अन्य आवश्यक सामानों की व्यवस्था होगी।

११. अतिथि निवास

मुमुक्षु भवन के दक्षिण की ओर दो बँगले बनाने की योजना है। प्रत्येक बंगला दो-मंजिला होगा और उसके प्रत्येक खण्ड में ६ कमरे होंगे जो आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। एक बँगले के लिए श्री राधाकृष्णजी कानोड़िया ने अनुदान प्रदान किया है और दूसरा बँगला श्री लक्ष्मीनिवासजी बिरला की माता की स्मृति में बनेगा। इसके लिए श्री लक्ष्मीनिवासजी बिरला ने अनुदान प्रदान किया है। इसी के बाद मानचित्र में जहाँ तीसरे बँगले के लिए स्थान छोड़ा गया है, वहाँ कर्मचारियों के लिए दोमंजिला आवास बनवाया जाएगा जिसमें संस्था के कर्मचारी अपने सेवाकाल में रह सकेंगे।

पर्यटक आवास—निर्माणाधीन भवन

१२. मन्दिर

मुमुक्षु भवन परिसर में छोटे-बड़े ६ मन्दिरों में गणेश मन्दिर अति प्राचीन हैं जो संस्था के आरम्भ में स्थापित हुआ था। नये मन्दिरों में श्री राधाकृष्ण-मन्दिर तथा श्री बद्रीश्वर महादेव मन्दिर दो प्रमुख मन्दिरों का निर्माण हुआ है। राधाकृष्ण मन्दिर का निर्माण गौहाटी निवासी श्री हरिरामजी अजीतसरिया ने कराया है जिसमें राधाकृष्ण की सुन्दर मूर्तियाँ हैं। श्री बद्रीश्वर महादेव प्राचीन शिव मन्दिर का पुनर्निर्माण है जिसे कलकत्ता के श्री बद्रीदासजी कोठारी ने कराया है जिसमें भगवान् शिव का विग्रह है और शिव, पार्वती, गणेश और षडानन की सुन्दर मूर्तियाँ हैं। मन्दिर के सामने प्रवचन के लिए विशाल सभा-मण्डप है जिसमें प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन होते हैं।

इन मन्दिरों के उत्तर में एक नये हनुमान मन्दिर का निर्माण हो रहा है जो काठमांडू के एक धार्मिक परिवार के श्री राजकुमार चौधरी अपने स्व० पिता पूज्य श्री द्वारकाप्रसाद चौधरी (निवासी चूड़ी अजीतसर, झुनझुनू, राज-स्थान) की पुण्य स्मृति में बनवा रहे हैं। भगवान् विष्णु और माँ दुर्गा के दो और मन्दिर श्री राधाकृष्ण जी झुनझुनवाला के सहयोग से बनवाने की योजना है।

विशिष्ट पर्वों तथा तिथियों पर मन्दिर में उत्सव भी मनाए जाते हैं जिनमें प्रमुख हैं—श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, अन्नकूट, वसन्त पंचमी, शिवरात्रि, रामनवमी, रथयात्रा आदि। मन्दिर में आयोजित विशिष्ट पर्वों तथा उत्सवों का आयोजन भक्तों के अनुदान से किया जाता है। जिस दिन जिस दाता के अनुदान से उत्सव का आयोजन होता है, मन्दिर के नामपट्ट पर उसका उल्लेख कर दिया जाता है और प्रसाद सहित उसकी सूचना दाता को भेज दी जाती है। शिवार्चन, रुद्रा-भिषेक आदि के लिए अनेक भक्त दूर-दूर से पधारते हैं।

मन्दिर में शिव-विग्रह पर जलार्चन के लिए गंगाजल की भी व्यवस्था है। मन्दिरों में दाताओं की ओर से मूर्तियों के शृंगार तथा भोग की व्यवस्था है। दाता के अनुदान के अनुसार यह व्यवस्था की जाती है।

१३. यज्ञशाला

मुमुक्षु भवन परिसर में प्राचीन यज्ञशाला है। यज्ञशाला मुख्य भवन के दक्षिण की ओर है जो एक किनारे पड़ जाती है जिसके कारण वहाँ यज्ञ आदि में असुविधा होती है अतएव मन्दिरों के दक्षिण में स्थित फुलवारी के बीच में नई यज्ञशाला का निर्माण किया जा रहा है। कलकत्ता के श्री राधाकृष्णजी

TWO FLAT DETAILS OF TYPICAL FLOOR PLAN [FIRST & SECOND]

पर्यटक आवास के कमरों की रूपरेखा

मंदिर

राधाकृष्ण मंदिर की झाँकी

बद्रीश्वर महादेव मंदिर में शिव-पार्वती की झाँकी

राधाकृष्ण तथा शिव मन्दिर

मंदिर प्रांगण में स्वामी गणेश्वरानन्द जी तीर्थ
द्वारा दैनिक प्रवचन-कथा-वार्ता

कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य का भवन में स्वागत

मंदिर प्रांगण में स्वामी अखंडानंदजी का प्रवचन

झुनझुनवाला ने कृपापूर्वक इस यज्ञशाला के निर्माण का संकल्प किया है। इस यज्ञशाला में समय-समय पर काशी निवासी ही नहीं, देश के दूरस्थ भागों से आने वाले यज्ञ-प्रेमी भी विभिन्न यज्ञ कर सकेंगे।

१४. शिवशंकर क्षेत्र

भवन के अन्दर श्रीगंगानगर (राजस्थान) के श्री भगवती ट्रेडिंग कम्पनी के सहयोग से विगत अनेक वर्षों से शिवशंकर क्षेत्र के नाम से प्रतिदिन प्रातःकाल लगभग २०० बाहरी दण्डी स्वामियों तथा दरिद्रनारायण को भोजन वितरित किया जाता है। इस क्षेत्र में श्री शिवभगवान् जालान एवं श्री रामकुमार सराफ चैरिटी ट्रस्ट तथा श्री मदनगोपाल केडिया का सहयोग भी प्राप्त होता है। इनके अतिरिक्त भी जो महानुभाव अनुदान प्रदान करेंगे उससे क्षेत्र का विस्तार किया जायगा।

१५. भुवालका जनकल्याण होमियो चिकित्सालय

कलकत्ता के सुप्रसिद्ध समाजसेवी तथा दानी स्व० श्री रामकुमारजी भुवालका के भुवालका जनकल्याण ट्रस्ट के सहयोग से मुमुक्षु भवन में होमियोपैथिक चिकित्सालय विगत अनेक वर्षों से कार्यरत है जिससे मुमुक्षु भवन ही नहीं आसपास के अनेक स्त्री, पुरुष तथा बालक चिकित्सा प्राप्त करते हैं। चिकित्सालय अनुभवी चिकित्सक के निर्देशन में कार्यरत है। प्रतिदिन लगभग सौ रोगी इससे लाभ उठाते हैं। कालान्तर में इस चिकित्सालय के विस्तार की योजना है। एलोपैथी तथा आयुर्वेदिक चिकित्सा की व्यवस्था भी शीघ्र की जाएगी।

१६. ईश्वर मठ

स्वामी घनश्यामानन्द जी तीर्थ की प्रेरणा से उनके गुरु स्वामी ईश्वरानन्द जी तीर्थ के नाम से ईश्वर मठ की स्थापना हुई थी। कालान्तर में स्वामी घनश्यामानन्द जी के शिष्यों ने स्वामी घनश्यामानन्द मठ की भी स्थापना की। इस प्रकार ईश्वर मठ के अन्तर्गत दो विशाल मठ हैं। इस मठ में चार खण्ड हैं। कुछ खण्डों में ऊपर भी कुछ कमरे बने हुए हैं। इनमें लगभग १२० कमरे हैं जिनमें रसोईघर, स्वामी जी की साधना स्थली आदि हैं।

भुवालका जनकल्याण ट्रस्ट के सहयोग से संचालित
होमियोपैथिक दातव्य औषधालय

नित्यानन्द निवास (जज साहब की कोठी)

शिवशंकर क्षेत्र तथा अन्न क्षेत्र

वाहरी साधुओं तथा दंडी स्वामियों को भिक्षा

दरिद्रनारायण को भिक्षा

महाविद्यालय में संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के
उपकुलपति पं० बदरीनाथ शुक्ल का स्वागत

ईश्वर मठ के कुछ दंडी स्वामी

मुमुक्षु भवन वेद-वेदाङ्ग महाविद्यालय

मुमुक्षु भवन वेद-वेदाङ्ग पुस्तकालय

मठ के अधिकांश कमरों में नीचे की ओर गुफा भी बनी हुई है जहाँ गर्मियों में स्वामीगण एकान्त साधना कर सकते हैं। स्वामी घनश्यामानन्द तीर्थ के मठ द्वारा मान्यता-प्राप्त शिष्य-प्रशिष्य ही यहाँ आवास कर सकते हैं, उनके भोजन-वस्त्र आदि की निःशुल्क व्यवस्था है। इनमें स्थित कमरे बहुत पुराने हो चुके हैं जिनके जीर्णोद्धार की अपेक्षा है। इनके जीर्णोद्धार में लगभग डेढ लाख रुपये व्यय होने का अनुमान है जो उदारमना महानुभावों से प्राप्त होने पर कराया जा सकेगा।

१७. ईश्वरमठ पुस्तकालय

मठ में एक प्राचीन पुस्तकालय है जिसमें कुछ पुराने महत्त्वपूर्ण हस्तलिखित तथा मुद्रित ग्रन्थ हैं। इसकी व्यवस्था मठ के स्वामियों द्वारा की जाती है।

१८. वेद-वेदाङ्ग महाविद्यालय

मुमुक्षु भवन वेद-वेदाङ्ग महाविद्यालय की स्थापना स्वामी घनश्यामानन्द तीर्थ की प्रेरणा से वसन्त पंचमी, सं० १९८५ (सन् १९२८) को हुई थी। प्रारम्भ में मध्यमा तक संस्कृत अध्यापन होता था। सन् १९७० से शास्त्री की कक्षाएँ प्रारम्भ हुईं और सन् १९७८ से आचार्य की पढ़ाई भी आरम्भ हो गयी है। महाविद्यालय उत्तर प्रदेश शासन तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है।

महाविद्यालय में पढ़नेवाले अधिकांश विद्यार्थियों को १० मास के लिए छात्रवृत्ति तथा परीक्षा शुल्क दिया जाता है। कभी-कभी दाताओं के सहयोग से छात्रों को भोजन भी कराया जाता है।

निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्देशित कक्षा के एक विद्यार्थी पर संस्था को एक वर्ष में इतनी राशि व्यय करनी पड़ती है—

प्रथमा	२५०—००
मध्यमा	३००—००
शास्त्री	४००—००
आचार्य	५००—००

संस्कृत भाषा एवं साहित्य तथा वेद के प्रचार-प्रसार के इच्छुक श्रद्धालु इस हेतु अनुदान प्रदान करते हैं। जिस छात्र को दाता की छात्रवृत्ति दी जाती है उसकी जानकारी दाता को करा दी जाती है।

स्व० श्री गौरीशंकरजी गोयनका

स्व० श्री गजानन्दजी लोहिया

श्री राधाकृष्णजी झुनझुनवाला

श्री बद्रीदासजी कोठारी

शिवभंडार चैरिटी ट्रस्ट कलकत्ता से प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति हेतु ७४४-०० रुपये विगत अनेक वर्षों से नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। दाताओं से अनुरोध है कि इस पुण्य कार्य में अपना योगदान करें।

महाविद्यालय का अपना स्वतन्त्र भवन है जिसमें अध्ययन-अध्यापन तथा ३५ छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था है। छात्रों के लिए अपना भोजन बनाने तथा शौचालय-स्नानागार की अभी तक स्वतन्त्र व्यवस्था नहीं रही। इस हेतु विद्यालय भवन के ही एक खण्ड में सामान्य परिवर्धन द्वारा भोजनालय तथा स्नानागार, शौचालय आदि बनाने की योजना है। इसमें लगभग २५ हजार रुपये व्यय होंगे। इस हेतु शासन तथा दाताओं से अनुदान की अपेक्षा है।

१६. मुमुक्षु भवन वेदवेदाङ्ग पुस्तकालय

सभा में एक अलग भवन में वेद-वेदाङ्ग पुस्तकालय है जिसमें संस्कृत तथा वैदिक साहित्य के अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ संगृहीत हैं। इसे अत्यन्त आधुनिक रूप देने की योजना है जिसके अन्तर्गत पुस्तकालय का विस्तार तथा विविध महत्वपूर्ण ग्रंथों का संग्रह किया जा रहा है। इसे प्राच्य विद्या, धर्म, दर्शन तथा संस्कृति का शोध-केन्द्र बनाने की योजना है ताकि देश-विदेश के शोधार्थी यहां आकर अध्ययन तथा शोध कर सकें। प्रबुद्धजनों से अनुरोध हैं, कि इस महाविद्यालय की पुस्तकों, उपकरणों तथा धन द्वारा सहायता करें ताकि काशी मुमुक्षु भवन सभा के आध्यात्मिक उद्देश्यों तथा लक्ष्यों की ओर अग्रसर होते हुए संस्था के व्यक्तित्व का विकास हो सके।

२०. मुमुक्षु

मुमुक्षु भवन की गतिविधियों तथा काशी के धार्मिक, आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक जीवन को उजागर करने वाली एक मासिक पत्रिका निकालने की योजना है। प्रयोग रूप में इसके दो अंक प्रकाशित भी किये गये थे। इस पत्रिका हेतु सुधिजनों से नियमित विज्ञापन की अपेक्षा है ताकि पत्रिका संस्था पर बोझ न बने और निरन्तर निकलती रहे।

उपर्युक्त प्रवृत्तियां सफलता और कुशलतापूर्वक चलती रहे और सेवा के नये क्षेत्रों का भी विकास होता रहे, इसके लिए संस्था निरन्तर प्रयत्नशील है।

२१. उत्तर काशी दण्डी आश्रम तथा धर्मशाला

उत्तर काशी में काशी मुमुक्षु भवन सभा का विशाल परिसर है जहां धर्मशाला तथा दण्डी-क्षेत्र है। वहां संस्था के भवन मे कतिपय दूकाने है जिनके किराये की आय से व्यवस्था होती है। यदि अतिरिक्त धन लगा कर इस क्षेत्र का विकास कर दिया जाय तो आय बढ़ सकेगी और सेवा कार्य का विस्तार हो सकेगा।

२२. गंगोत्री

हिमालय के चरणों में गंगोत्री में काशी मुमुक्षु भवन की धर्मशाला हैं। यहाँ तीर्थयात्री विश्राम करते हैं। इसकी व्यवस्था संस्था के प्रतिनिधि द्वारा की जाती है।

२३. गंगा आश्रम, झूसी

झूसी (प्रयाग) में गंगा तट पर एक विशाल भवन है जहां दण्डी स्वामी रहते हैं। कुम्भ तथा माघ मेला आदि के अवसर पर इसका विशेष उपयोग होता है। भवन काफी पुराना हो गया है, इसके मरम्मत की आवश्यकता है।

आवश्यकता

संस्था को एक सुन्दर स्थायी तथा सुदृढ़ आधार प्रदान करने के लिए निम्नलिखित आवश्यकतायें हैं :—

१. संस्था के अन्तर्गत मुमुक्षु भवन, ईश्वर मठ तथा वेदवेदाङ्ग महाविद्यालय के पांच एकड़ क्षेत्र में विस्तृत भवनों का जीर्णोद्धार तथा इसे साधन सम्पन्न बनाना है।

२. ईश्वर मठ के दण्डी स्वामियों के आवास, भोजन तथा दूध आदि की व्यवस्था के लिए प्रति वर्ष बीस-हजार रुपये अथवा ढाई-लाख रुपये की स्थायी निधि एकत्रित करने की योजना हैं।

३. वेदवेदाङ्ग महाविद्यालय के लिए प्रति वर्ष बीस-हजार रुपये की सहायता अथवा दो-लाख रुपये का स्थायी कोष बनाने की योजना है।

४. मुमुक्षु भवन की व्यवस्था, संचालन तथा नियमित रखरखाव के लिए एक लाख रुपये वार्षिक की आवश्यकता है। यद्यपि मुमुक्षु भवन से लगभग

पचास हजार वार्षिक की आय अनुमानित है, फिर भी इतने बड़े परिसर के प्रवन्ध तथा रखरखाव के लिए अतिरिक्त धन राशि की आवश्यकता होगी।

उपर्युक्त कार्यों तथा योजनाओं के लिए पर्याप्त धन की अपेक्षा है। जैसे-जैसे धन प्राप्त होता जायेगा योजनानुसार संस्था का विकास किया जायगा।

आभार निवेदन

अन्त में हम अपने समस्त पदाधिकारियों, प्रवन्ध-समिति के सदस्यों, सदस्यों, दानदाताओं तथा संस्थानों के अत्यन्त आभारी हैं जिनके सहयोग तथा अनुदान से यह प्राचीन संस्था विकास की ओर अग्रसर हो सकी है। संस्था के कर्मचारियों ने भी इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान किया है उन्हें भी हम साधुवाद देते हैं।

श्री काशी मुमुक्षु भवन सभा, वाराणसी

सहायता विवरण १९७६-७७ ई०

१. भवन जीर्णोद्धार निमित्त

श्री सोमानी चैरिटी ट्रस्ट	कलकत्ता	२,१००.००	
,, कोठारी चैरिटी ट्रस्ट	,,	१०,०००.००	
,, वाराणसी चैरिटी ट्रस्ट	,,	५,०००.००	
,, हरद्वार चैरिटी ट्रस्ट	,,	५,०००.००	
आल इंडिया हिन्दू धर्म सेवा-संघ	नई दिल्ली	२५,०००.००	
श्री गंगाबक्श गोवर्धनदास	कलकत्ता	२,५००.००	
,, हिन्दुस्तान चैरिटी ट्रस्ट	,,	२,५००.००	
,, स्वामी योगानन्द	,,	१,५००.००	
,, राधाकृष्ण झुनझुनवाला चै० ट्र०	,,	५,०००.००	
,, सेठ सूरजमल जालान चै० ट्रस्ट	,,	५,१००.००	
,, नोपानी जनसेवा निधि	,,	३,०००.००	
,, नोपानी एजुकेशन ट्रस्ट	,,	६,०००.००	
,, जनसेवा एण्ड इनवेस्टमेंट	,,	१०,०००.००	
			८२,७००.००

२. मुमुक्षु पत्रिका निमित्त

इंडियन स्पालिसिंग (मैकेनिकल) एक्सेसरी लि०	कलकत्ता	२,०००.००	
उषाब्रेको रोपवेज लि०	,,	२,०००.००	
उषा मार्टिन ब्लैक (वायर रोप) लि०	,,	५,०००.००	
यू. एम. बी. सेल्स एण्ड सर्विसेज	,,	१,०००.००	
			१०,०००.००

३. क्षेत्र

श्री शिवशंकर क्षेत्र—

श्री भगवती ट्रेडिंग कम्पनी, गंगानगर	१४,१०४.५४	
,, शिवभगवान जालान चैरिटी ट्रस्ट	८७५.००	
,, रामकुमार सर्राफ	२२१.००	
,, किशोरीलाल गुप्त	१,००१.००	
,, मोतीलाल सराफ	१२२.००	
,, प्रह्लादराय झुनझुनवाला	१२५.००	
,, प्रयागनारायण झुनझुनवाला	१२२.००	
,, जयदयाल सत्यनारायण लोहिया	२१०.००	
,, मोहन सिंह	५००.००	
,, लालजी भरतिया	१७५.००	
,, ओमप्रकाश लोहिया	१३३.००	
अन्य	९२९.५३	
		१८,५१८.०७

४. रखरखाव तथा अन्य

श्री हरद्वारचैरिटी ट्रस्ट, कलकत्ता	२,५००.००	
श्रीमती सूरजदेवी चैरिटी ट्रस्ट, ,,	१,०००.००	
श्री नोपानी जन सेवा निधि ,,	५००.००	
आवासियों से तथा अन्य	१४,४४३.७०	
		१८,४४३.७०
		१,२९,६६१.७७

क्षेत्र तथा रख-रखाव में १८,५१८.०७ + १८४४३.७० कुल = ३६,९६१.७७ की आय हुई। १२७१९.९९ इस आय से सीधे व्यय हुआ अतः बैलेंस शीट में २४२४१.७८ ही दान तथा सहायता में जमा दिखाये गये हैं।

सहायता विवरण १९७७-७८ ई०

१. भवन जीर्णोद्धार निमित्त

श्री जयश्री चैरिटी ट्रस्ट	२५,०००.००
,, अपर गेंजेज शूगर मिल्स	५,०००.००

श्री अवध शूगर मिल्स	५,०००.००	
,, गोविन्द शूगर मिल्स	२,५००.००	
,, न्यू स्वदेशी शूगर मिल्स	१,५००.००	
श्री भारत शूगर मिल्स	१,५००.००	
,, न्यू इंडिया शूगर मिल्स	१,०००.००	
,, सतलज काटन मिल	३,५००.००	
,, न्यू इंडिया स्टीमशिप कंपनी	२,५००.००	
हिन्दुस्तान टाइम्स, नई दिल्ली	२,५००.००	
श्री जी. सी. शर्मा एंड कंपनी	३,०००.००	
,, वंशीधर टेकडीवाल की धर्म पत्नी	८,०००.००	
,, बी. एल. टाँटिया	२०,०००.००	
,, सेठ नन्दलाल बाजोरिया चै० ट्रस्ट	२०,०००.००	
		१,०१,०००.००

२. मुमुक्षु पत्रिका निमित्त

न्यू गुजरात काटन मिल्स लि०, कलकत्ता	१,०००.००	
बंगाल टी कंपनी लि० ,,	१,०००.००	
श्री कानोडिया केमिकल्स एण्ड इं.लि. ,,	१,०००.००	
		३,०००.००

३. क्षेत्र

श्री शिवशंकर क्षेत्र

श्री भगवती ट्रेडिंग कंपनी, श्रीगंगानगर	९,४६९.५४	
श्री शिवलखन की माता जी	१२२.००	
,, शिवभगवान जालान चै०ट्र०	१,५००.००	
,, रामकुमार सर्राफ	७३१.२०	
श्रीमती सुमित्राबाई जाजोदिया	१२०.००	
श्री भंवरलाल सिंहल ,,	७२०.००	
,, रंगलाल बेरीया ,,	१२०.००	
श्रीमती रामप्यारी देवी गाडोदिया ,,	१०१.००	
श्री नारायणप्रसाद पसारी ,,	११५.००	
अन्य ,,	४१.००	
		१३,०३९.७४

४. रखरखाव तथा अन्य

श्री हरद्वार चैरिटी ट्रस्ट	,,	२,५००.००
,, दिगम्बरप्रसाद अग्रवाल	,,	१०५.००
,, रामलाल विद्यासरिया	,,	१५०.००
,, पन्नालाल सीताराम	,,	१०१.००
,, नौरंगराय चिरंजीलाल	,,	४२५.००
,, गोकुलचन्द टीबड़ेवाल	,,	५००.००

राँची के दाताओं से—

श्री जेठमल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट	,,	१०१.००
,, नारायण जी साबू, नेशनल ट्रेडर्स	,,	१०१.००
,, प्रहलादराय मंगतूराम सराफ	,,	१०१.००
,, दाऊदयाल नन्दलाल	,,	१०१.००
,, विजयकुमार जालान	,,	१०१.००
,, गौरीशंकर अरुणकुमार	,,	१०१.००
,, राँची भण्डार	,,	१०१.००
,, सत्यनारायण पोद्दार	,,	१०१.००
,, गणपति ट्रस्ट	,,	१०१.००
,, हीरालाल भगवतीप्रसाद	,,	१०१.००
,, गजानन्द छोटेलाल	,,	१०१.००
,, हनुमानप्रसाद गाडोदिया	,,	१०१.००
,, मदनलाल रामजीवन	,,	१०१.००
,, लक्ष्मीनारायण श्यामसुन्दर	,,	१०१.००
,, विश्वनाथ ओमप्रकाश	,,	१०१.००
,, वैद्यनाथ बाबूलाल	,,	१०१.००
,, हीरालाल मोदी	,,	१०१.००
,, गोविन्दराम गाडोदिया	,,	१०१.००
,, चतुर्भुज गंगाप्रसाद	,,	१०१.००
,, बिहारीलाल गंगाप्रसाद	,,	१०१.००
,, बैजनाथ जालान	,,	१०१.००
,, रामसहाय रामअवतार	,,	१०१.००
,, मथुरालाल कावरा	,,	१०१.००

,, रामेश्वरलाल पोद्दार चैरिटेबल ट्रस्ट	१०१.००
,, चौथमल नारसरिया ,,	१०१.००
,, शंकरलाल जालान ,,	१०१.००
,, दुर्गादत्त मदनलाल गोयनका ,,	१०१.००
,, केशरीमल मेवाडी ,,	१०१.००
,, फूलचन्द सत्यनारायण ,,	१०१.००
,, गंगाधर दयाराम ,,	१०१.००
,, गोपाल भण्डार ,,	१०१.००
,, श्याम आयुर्वेद भवन ,,	१०१.००
,, रामगोपाल खेमका ,,	१०१.००
,, वासुदेव कनोई ,,	१०१.००
,, धर्मचन्द ज्वालादत्त ,,	१०१.००
,, श्री जेठमल सत्यनारायण ,,	१०१-००
,, भगवानदास रंगलाल ,,	१०१.००
आवासियों से तथा अन्य	१२२९८.००
	१९,८१६,९७
	१,३६,८५६.७१

क्षेत्र तथा रखरखाव में कुल १३०३९.७४+१९८१६.९७=कुल ३२८५६.७१ की आय हुई। १२१९८.१३ इस आय से सीधे व्यय हुआ। अतः वैलेन्सशीट में रु० २०६५८.५८ ही दान तथा सहायता में जमा दिखाए गए हैं।

सहायता विवरण १९७८-७९ ई०

१. भवन जीर्णोद्धार निमित्त

हिन्दुस्तान चैरिटी ट्रस्ट	२५०००.००	
ट्रस्ट स्टेट्स आफ बलदेवराम मेहता एण्ड शालिगराम मेहता	१०००००.००	
		१,२५,०००.००

२. शिवशंकर क्षेत्र

श्री भगवती ट्रेडिंग कं० गंगानगर	७,१४२.८२	
शिवभगवान जालान चैरिटी ट्रस्ट	१३७५.००	
श्री रामकुमार सराफ	६६८.००	
अन्य	१२५.५०	
		९३११.३२

३. रखरखाव तथा अन्य

श्री दिगम्बरप्रसाद अग्रवाल	१00.00
,, रामनिवास अग्रवाल	१0१.00
अलकापुरी जनकल्याण ट्रस्ट	१000.00
रग्घुमल चैरिटी ट्रस्ट	२000.00
कोठारी चैरिटी ट्रस्ट	२५00.00
सूरजमल चैरिटी ट्रस्ट	५१00.00
भारत चैरिटी ट्रस्ट	५१00.00
हरद्वार चैरिटी ट्रस्ट	२५00.00
आवासियों से तथा अन्य	३६९८.५0
	२२,०९९.५०

विविध जमा

रिलायन्स जूट मिल्स	७५00.00
भुवालका जनकल्याण	२0000.00
प्रताप शूगर मिल्स	७५00.00
शंकर एग्रो० इंड०	७५00.00
ईस्टर्न ककहार टी कं०	७५00.00
बंगाल टी एण्ड इंड०	७५00.00
ब्रोच टेक्सटाइल्स	७५00.00
	६५,000,00

वर्ष १९७८-७९ में क्षेत्र तथा रखरखाव से ९३११.३२ + २२०९९.५० कुल ३१४१०.८२ आय हुई। ११५८६.१० इस आय से सीधे व्यय हुआ। अतः बैलेन्सशीट में १९८२४.७२ ही दान तथा सहायता में जमा दिखाया गया है।

सहायता विवरण

२० अक्तूबर १९७९ से ३१ मार्च १९८०

१. भवन जीर्णोद्धार निमित्त

श्री मदनगोपालजी केडिया	१०,५00.00
,, सत्यनारायण जी अग्रवाल	९,५५0.00
,, सत्यनारायण रामविलास अग्रवाल	७.000.00
,, दिगम्बरप्रसाद जी अग्रवाल	३,000.00
,, सीताराम भंडार	१५,000.00

,, कोठारी चैरिटी ट्रस्ट	२५,000.00
,, रघुमल चैरिटी ट्रस्ट	१,000.00
	७१,0५0.00

जमा राशि का विवरण

विविध जमा

मे० रिलायन्स जूट मिल्स	१५,000.00
,, भुवालका जनकल्याण ट्रस्ट	२0,000.00
,, प्रताप शूगर मिल्स	१५,000.00
,, शंकर एग्रो इण्डस्ट्रीज	१५,000.00
,, ईस्टर्न ककहार टी कं०	१५,000.00
,, बंगाल टी एण्ड इण्डस्ट्रीज	१५,000.00
,, ब्रोच टेक्सटाइल्स	१५.000.00
	११0,000.00

भंडारा स्थायी कोष

१.	सर्वश्री नोपानी जन सेवानिधि, कलकत्ता	१000.00
२.	,, बाबूजगमोहनदास शाह चेरिटेबुल ट्रस्ट, वाराणसी	१000.00
३.	श्रीमती वसन्तसुन्दरी देवी, द्वारा डा० गंगासहाय पाण्डेय, रवीन्द्रपुरी, वाराणसी	३५00.00
४.	,, मदनगोपालजी केडिया, काशी मुमुक्षु भवन, वाराणसी	१000.00
५.	,, राधेश्यामजी पसारी, कलकत्ता	१000.00
६.	श्रीमती श्यामकली देवी, कलकत्ता	१000.00
७.	,, धानुका चैरिटेबुल ट्रस्ट, गौहाटी	१000.00
८.	,, स्व० मोहनलालजी चौधरी द्वारा श्रीहरीराम जी चौधरी, कलकत्ता	१000.00
९.	,, रामसहाय बैजनाथ, राँची	१000.00
१०.	,, स्व० चिरंजीलालजी बोहरा, वरहरवा	२५00.00
११.	श्रीमती चन्द्रमणि देवी, चौकाघाट, वाराणसी	१000.00
१२.	श्रीमती लता देवी, चौकाघाट, वाराणसी	२५00.00
		१७,५00.00

काशी मुमुक्षु भवन सभा, अस्सी, वाराणसी

विगत तीन वर्षों के ईश्वर मठ के भंडारा-दाता

वर्ष १९७६-७७ (संवत् २०३३-३४)

क्रम	दाता का नाम व शहर	तिथि	कच्चा । पक्का
१.	श्री मोहनलाल सोमानी, मैसूर	२२-१०-७६	कच्चा
२.	,, हरिराम मेहरा, वाराणसी	३१-१०-७६	पक्का
३.	,, हेमकुमारी देवी	४-११-७६	,,
४.	गुप्त नाम	१२-११-७६	,,
५.	गुप्त नाम	१०-११-७६	कच्चा
६.	श्री चिनकू मिस्त्री	८-११-७६	,,
७.	,, प्रहलादराय रूंगटा	९-११-७६	,,
८.	,, रमाकान्त केडिया	२०-११-७६	,,
९.	,, मारवाड़ी सेवा संघ, वाराणसी	१-१२-७६	,,
१०.	,, लल्ला दुबे, हरदोई	७-१२-७६	पक्का
११.	,, स्वामी सुखानन्द जी तीर्थ, वाराणसी	१३-१२-७६	कच्चा
१२.	,, द्वारकादास भालोटिया	१७-१२-७६	,,
१३.	श्रीमती नन्दरानी कपूर	१८-१२-७६	,,
१४.	श्री स्वामी गंगानन्दजी तीर्थ के शिष्य	६- -७७	,,
१५.	,, डी. के. प्रसाद, विजयवाडा	१०-१-७७	,,
१६.	,, प्रहलादराय रूंगटा, वाराणसी	१४-११-७७	पक्का
१७.	,, किशनलाल तोदी	२२-१-७७	,,
१८.	,, स्वामी जी (दादू मठ)	२४-१-७७	खीर
१९.	,, गौरीशंकर जी	२९-१-७७	कच्चा
२०.	,, स्वामी ब्रह्मविद्यानन्द तीर्थ	२५-१-७७	पक्का
२१.	,, स्वामी ,,	२६-१-७७	कच्चा
२२.	,, गजानन्द जी शिलांग	२७-१-७७	पक्का
२३.	श्रीमती पतिया देवी पोद्दार	४-२-७७	,,

२४. डा० गंगासहाय पाण्डेय, वाराणसी	५-२-७७	पक्का
२५. श्री गोपीराम घोलिया, कलकत्ता	८-२-७७	,,
२६. श्रीमती नर्बदी बाई	९-२-७७	कच्चा
२७. श्री लक्ष्मीनिवास जी बिरला	९-२-७७	चद्दर
२८. ,, स्वामी ऋद्धेश्वरानन्द तीर्थ	१०-२-७७	कच्चा
२९. ,, ताराचन्द रूंगटा, गंगानगर	१७-२-७७	कच्चा, चाय
३०. ,, कालूराम जी लील्हा, रामगढ़	२-३-७७	,,
३१. ,, बहिरादेव प्रथम देव, आजमगढ़	२३-३-७७	,,
३२. ,, जे. एस. बख्शी	१०-४-७७	,,
३३. ,, राजनाथ सिंह, वाराणसी	२-५-७७	,,
३४. श्रीमती उमा देवी, सासाराम	१५-४-७७	,,
३५. श्री शिवआधार पाण्डेय	२१-४-७७	,,
३६. ,, पातंजलि ब्रह्मचारी	२२-४-७७	,,
३७. ,, शान्तिलाल पुखराज शर्मा, राजनांदगांव	२८-४-७७	,,
३८. ,, स्वामी अभयानन्द जी तीर्थ, ईश्वरमठ	३०-४-७७	,,
३९. श्रीमती वसी रेड्डी अनुसुयम्मा	२९-५-७७	
४०. श्री के. आर. विश्वना	९-६-७७	पक्का
४१. ,, शुभकरण भरतिया	११-६-७७	अन्न सहा०
४२. श्रीमती रमा बाई	१९-६-७७	कच्चा
४३. श्रीमती फूल बाई	२०-६-७७	,,
४४. श्री कृष्णगोविन्द	२३-६-७७	पक्का
४५. ,, कृष्णमणि त्रिपाठी	२५-६-७७	कच्चा
४६. ,, अक्षयवर मिश्र, मिर्जापुर	२८-६-७७	पक्का
४७. ,, रामअवध सिंह	२९-६-७७	कच्चा
४८. ,, राजदेवी, चनपटिया	३०-६-७७	,,
४९. ,, कृष्णार्पण	२-७-७७	
५०. ,, वासुदेव मिश्र	३-७-७७	,,
५१. श्रीमती प्रभा उपाध्याय	४-७-७७	,,
५२. श्री राधेश्याम जी	५-७-७७	पक्का
५३. ,, रामकिशन जी टीवड़ेवाल की मां जी	६-७-७७	कच्चा
५४. ,, वासुदेव मिश्र, बलिया	८-७-७७	,,

५५. श्री रामचन्द भाणचन्द, धर्मपुर	११-७-७७	कच्चा
५६. ,, पुंडलीक जयराम जी ट्रस्ट, धमनगाँव	११-७-७७	अन्न सहायता
५७. ,, शिवभगवान जालान चैरिटी ट्रस्ट, कलकत्ता	१३-७-७७	फलाहार
५८. ,, गोपाल की माँ, वाराणसी		कच्चा
५९. ,, पोकरमल जी	१४-७-७७	,,
६०. श्रीमती कमला देवी, वाराणसी	१८-७-७७	कच्चा
६१. श्री स्वामी नरदेवानन्द तीर्थ	२०-७-७७	,,
६२. ,, पोकरमल जी	२५-७-७७	,,
६३. ,, विष्णु भाटोला चोलापति राव, विजयवाड़ा	,,	,,
६४. ,, रमाकान्त केडिया	२८-७-७७	,,
६५. ,, स्वामी ऋद्धेश्वरानन्द तीर्थ, ईश्वरमठ	२९-७-७७	पक्का
६६. ,, बनारसीलाल अग्रवाल, कलकत्ता	९-८-७७	कच्चा
६७. ,, राधेश्याम जी	११-८-७७	,,
६८. श्रीमती विद्या बाई, वाराणसी	१३-८-७७	,,
६९. श्री त्रिलोकी जी	१४-८-७७	,,
७०. ,, डा० एम. एन. खन्ना, वाराणसी	२६-८-७७	पक्का
७१. ,, बद्रीदास कोठारी	२८-८-७७	कच्चा
७२. ,, राधेश्याम जी	१५-८-७७	पक्का
७३. स्व० स्वामी शीतेश्वरानन्द तीर्थ, ह० स्वामी गणेश्वरानन्द तीर्थ, ईश्वरमठ	१६-८-७७	,,
७४. श्री स्वामी आनन्दानन्द तीर्थ, ईश्वरमठ	१७-८-७७	कच्चा
७५. श्रीमती हलवासिया, लखनऊ वाली माताजी	१-११-७७	,,
७६. श्री रुक्मानन्द जी, बांकुड़ा	६-९-७७	,,
७७. श्रीमती दुर्गाबाइ काजरिया	७-९-७७	,,
७८. श्री मागीलाल सत्यनारायण त्रिवेदी	२७-९-७७	पक्का
७९. ,, के० व्यंकटरामन	२६-९-७७	,,
८०. ,, स्वामी जगदेवानन्द तीर्थ, ईश्वरमठ	२९-९-७७	कच्चा
८१. ,, वी. व्यंकटरमन	११-१०-७७	कच्चा पक्का
८२. ,, गोपीराम देवकीनन्दन, कलकत्ता	१४-१०-७७	एक वर्ष की अमावस्या का कच्चा
८३. श्रीमती जयराजी देवी	२३-१०-७७	पक्का

८४.	श्रीमती वासन्ती बाई सरावगी	२७-७-७७	कच्चा
८५.	,, गोदावरी देवी चैरिटी ट्रस्ट, कलकत्ता	४-११-७७	एक वर्ष के व्यतिपात का भंडार
८५.	डा० गंगासहाय जी पाण्डेय, वाराणसी	९-११-७७	कच्चा

वर्ष १९७७-७८ (सं० २०३४-३५)

क्रम	नाम दाता व शहर	तिथि	कच्चा।पक्का
१.	श्री प्रह्लादराय झुनझुनवाला, वाराणसी	२०-११-७७	कच्चा
२.	श्रीमती भूवाजी	२४-११-७७	,,
३.	श्री रमाकान्त केडिया	,,	,,
४.	,, सुन्दरमल राजगढिया	२५-११-७७	,,
५.	श्रीमती दुर्गादेवी	,,	,,
६.	श्री हनुमानदास जी	२५-१२-७८	पक्का
७.	स्वामी सुखानन्द तीर्थ, वाराणसी	४-१-७८	कच्चा
९.	श्री दयाराम	३०-१-७८	,,
१०.	,, हरद्वारीलाल खण्डेलवाल, वाराणसी	१४-२-७८	पक्का
११.	श्रीमती बसंती देवी भालोटिया	१८-२-७८	सेवार्थ
१२.	श्री रामबाबू, भदैनी, वाराणसी	२५-२-७८	पक्का
१३.	,, गंगासहाय पाण्डेय, अस्सी	२४-२-७८	,,
१४.	,, स्वामी महादेवानन्द, जोधपुर	८-३-७८	कच्चा
१५.	,, नारायणप्रसाद नोपानी, बम्बई	८-३-७८	पक्का
१६.	,, परमेश्वर लाल मारोदिया	१८-३-७८	कच्चा
१७.	,, कैलाशजी की माताजी, मुमुक्षु भवन	१२-३-७८	,,
१८.	,, कृष्णमुरारी गुटगुटिया, मधुपुर	१३-३-७८	,,
१९.	,, सीताराम [illegible]ढा, वाराणसी	३१-३-७८	पक्का
२०.	,, सीताराम भालोटिया, वाराणसी	२७-४-७८	,,
२१.	,, मोतीलाल भालोटिया	२८-४-७८	कच्चा
२२.	,, शारदाप्रसाद शुक्ल, जौनपुर	३०-४-७८	,,
२३.	,, अरुणांचल तिवारी, जौनपुर	४-५-७८	,,
२४.	श्रीमती रामप्यारी देवी गाडोदिया, मुमुक्षु भवन	८-५-७८	,,

२५.	श्री राधेश्याम मिश्रा	१०-५-७८	कच्चा
२६.	श्रीमती वैराग्यवती देवी	११-५-७८	,,
२७.	श्री बनारसीदास, वाराणसी	१३-५-७८	,,
२८.	श्री स्वामी अभ्यानन्दजी तीर्थ, ईश्वर मठ	१९-५-७८	कच्चा
२९.	श्रीमती घापीबाई, बरहज वाली	२१-५-७८	,,
३०.	श्री पतंजली ब्रह्मचारी, आजमगढ़	२२-५-७८	,,
३१.	श्रीमती रूपादेवी, धर्मपत्नी इलाराम	६-६-७८	पक्का
३२.	श्री राधश्याम सिंहानिया	१४-६-७८	,,
३३.	,, झावरमल ढानढनिया, कलकत्ता	१६-६-७८	कच्चा
३४.	,, कृष्णगोविन्द जी	२४-६-७८	पक्का
३५.	,, मोनिन्दचन्द्र बनर्जी, वाराणसी	१-७-७८	,,
३६.	,, सत्यनारायण कावरा, वाराणसी	११-७-७८	कच्चा
३७.	,, स्वामी ब्रह्मविद्यानन्द तीर्थ, गंगोत्री	१७-७-७८	पक्का
३८.	,, प्रयागनारायण झुनझुनवाला, वाराणसी	१९-७-७८	कच्चा
३९.	,, पुरुषोत्तमदास मोदी, वाराणसी	२०-७-७८	,,
४०.	,, कोला सिंह, अंचलोर	३१-७-७८	पक्का
४१.	,, बद्रीदास कोठारी, कलकत्ता	१-८-७८	कच्चा
४२.	श्रीमती काशी बाई, वाराणसी	२-८-७८	पक्का
४३.	,, दुर्गाबाई काजरिया, कलकत्ता	७-८-७८	,,
४४.	श्री नारायणप्रसाद पसारी, वाराणसी	८-८-७८	कच्चा
४५.	,, शशिकुमार अशोककुमार, वाराणसी	१२-८-७८	,,
४६.	,, हरीराम सुरेका, पुरुलिया	१३-८-७८	,,
४७.	श्रीमती परमेश्वरी देवी जटिया, वाराणसी	१५-८-७८	पक्का
४८.	श्री श्यामलाल प्रभाकर, नई दिल्ली	१६-८-७८	,,
४९.	,, नारायणप्रसाद साहू, राँची	१८-८-७८	,,
५०.	,, सीताराम मोहनसरिया, सीवान	१९-८-७८	कच्चा
५१.	,, धुलिया वाले राजनांदगांव	२०-८-७८	पक्का
५२.	श्रीमती गजानन्दजी लोहिया की धर्मपत्नी मुमुक्षु भवन	२१-८-७८	,,
५३.	श्री मनसुखराम प्राणवल्लभ पंचवटी, नासिक	२२-८-७८ (समष्टी)	,
५४.	,, ,, ,,	२३-८-७८ ,,	,,
५५.	,, रामकुमार अग्रवाल, श्री गंगानगर	२४-८-७८ ,,	,,

५६.	श्री राजेन्द्रकुमार, श्रीगंगानगर	२७-८-७८	कच्चा
५७.	श्रीमती रुक्मिणी बाई (भुआ जी)	३१-८-७८	,,
५८.	,, श्यामादेवी सिन्हा, वाराणसी	४-९-७८	,,
५९.	श्री बाबू जगदीशराय, किशनदास (आजमगढ़)	१९-९-७८	,,
६०.	,, शान्तिलाल पुखराज शर्मा, राजनांगांव	२०-९-७८	अल्पाहार
६१.	श्रीमती भवानीदेवी अजीतसरिया, गोरखपुर	२५-९-७९	कच्चा
६२.	,, चन्द्रकला देवी पोखरेल, वाराणसी	३०-९-७९	,,
६३.	,, जयराजी देवी, हंडिया	१३-१०-७८	पक्का
६४.	श्री रामेश्वरप्रसाद अर्याल, वाराणसी	२०-१०-७८	कच्चा
६५.	,, रामसूरत मिश्र, सादियाबाद (गाजीपुर)	२८-१०-७८	,,
६६.	,, गोपीराम देवकीनन्दन, कलकत्ता	३०-१०-७८	पूरे वर्ष की अमावस्या का भंडारा
६७.	श्रीमती गोदावरी देवी चैरिटी ट्रस्ट, कलकत्ता	,,	पूरे वर्ष के व्यतिपात का भंडारा
६८.	श्री एम० आर० लक्ष्मीनारायण राव, बंगलोर	,,	कच्चा

वर्ष १९७८-७९ (संवत् २०३५-३६)

क्रम	नाम दाता व शहर	तिथि	कच्चा/पक्का
१.	श्री जयप्रकाश जी जोशी, वाराणसी	११-११-७८	पक्का
२.	,, देवीप्रसाद पोद्दार, वाराणसी	१२-११-७८	कच्चा
३.	,, शशिकुमार गुप्ता, वाराणसी	१९-११-७८	,,
४.	स्व० श्री द्वारिकाप्रसाद बजाज, फैजाबाद	२२-११-७८	पक्का
५.	श्री दीपनारायण मणि त्रिपाठी, देवरिया	२३-११-७८	कच्चा
६.	,, लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, इलाहाबाद	२५-११-७८	,,
७.	,, लालमन द्विवेदी, कुचिला (हरदोई)	८-१२-७८	पक्का
८.	,, बद्रीप्रसाद राजगढिया, रांची	१०-१२-७८	,,
९.	,, स्वामी सुखानन्द तीर्थ, वाराणसी	१७-१२-७८	कच्चा
१०.	,, बद्रीप्रसाद राजगढिया, रांची	२०-१२-७८	,,
११.	,, रामचन्द्र खण्डेलवाल, जबलपुर	२८-१२-७८	पक्का

१२.	श्री दशरथ स्वरूप ब्रह्मचारी, वाराणसी	१-१-७९	कच्चा
१३.	,, डी कृष्णप्रसाद, विजयवाडा	१८-१-७९	पक्का
१४.	,, जगदीश राय जी, दिल्ली	२०-१-७९	,,
१५.	,, वासुदेव जी गुटगुटिया, मधुपुर (दुमका)	२५-१-७९	वस्त्र एवं भंडारा
१६.	श्रीमती शान्तिदेवी बजाज, दरभंगा	८-२-७९	कच्चा
१७.	श्रीमती शान्तिदेवी बजाज, दरभंगा	१२-२-७९	,,
१८.	डा० गंगासहाय पाण्डेय, वाराणसी	१३-२-७९	पक्का
१९.	श्री रामगढ़ वाली मांजी मुमुक्षु भवन	१४-२-७९	कच्चा
२०.	,, बृजपालदास अग्रवाल, वाराणसी	१९-२-७९	पक्का
२१.	श्रीमती लीला बाई, कलकत्ता	५-३-७९	,,
२२.	श्री नन्दकिशोर केडिया, गोरखपुर	८-३-७९	कच्चा
२३.	,, स्वामी चेतनानन्द तीर्थ, उत्तरकाशी	१३-३-७९	,,
२४.	,, स्वामी गजानन्द तीर्थ, जमानिया, कानपुर	१४-३-७९	,,
२५.	श्रीमती चन्द्रवली, मुमुक्षु भवन	२-४-७९	पक्का
२६.	श्री दीनानाथ झुनझुनवाला, वाराणसी	४-४-७९	कच्चा
२७.	,, प्रथमदेव बहीरादेव, आजमगढ़	११-४-७९	,,
२८.	,, वंशनारायण दुबे	१३-४-७९	,,
२९.	श्रीमती पुष्पा बाई, वाराणसी	२३-४-७९	कच्चा
३०.	श्री किशनलाल झुनझुनवाला, वाराणसी	२४-४-७९	,,
३१.	डा० प्रियालाल, वाराणसी	२५-४-७९	,,
३२.	श्रीमती मणिदेवी, मुमुक्षु भवन	२९-४-७९	,,
३३.	श्रीस्वामी अभयानन्द तीर्थ, मुमुक्षु भवन	८-५-७९	,,
३४.	श्रीमती वैराग्यवती ,,	९-५-७९	,,
३५.	श्री प्रकट दुबे, आजमगढ़	१-५-७९	,,
३६.	,, पातञ्जलि ब्रह्मचारी, रामपुर, आजमगढ़	१३-५-७९	,,
३७.	,, पातञ्जलि ब्रह्मचारी, ,,	१४-५-७९	,,
३८.	,, सीताराम लड्ढा, वाराणसी	२६-५-७९	लस्सी
३९.	,, श्री नरसिंहलाल शिवदेव शर्मा, धुलिया	३-६-७९	पक्का
४०.	,, मामराज शर्मा, वाराणसी (मुमुक्षु भवन)	१०-६-७९	कच्चा
४१.	श्रीमती परमेश्वरी बाई जटिया, वाराणसी	१४-६-७९	पक्का
४२.	श्रीमती श्यामादेवी सिन्हा, पटना	२२-६-७९	कच्चा

४३. श्री श्यामसुन्दर नेवटिया, भागलपुर	३-७-७९	कच्चा
४४. श्रीमती फूलमती देवी, पडरीकलाँ, उन्नाव	४-७-७९	अन्न सहायता
४५. श्री रामसूरत मिश्र, सादियाबाद, गाजीपुर	५-८-७९	कच्चा
४६. ,, मदनलाल सुलतानिया, वाराणसी	९-७-७९	भंडारा सहायतार्थ
४७. ,, चिरंजीलाल केजरीवाल, कलकत्ता	१०-७-७९	१ पक्का २ कच्चा
४८. ,, मामराज शर्मा, मुमुक्षु भवन	१२-७-७९	कच्चा
४९. ,, राधेश्याम सिंहानिया, कलकत्ता	९-७-७९	पक्का
५०. श्रीमती जाह्नवी देवी, मुहम्मदाबाद	१५-७-७९	पक्का
५१. श्री पुरुषोत्तनदास मोदी, वाराणसी	२०-७-७९	कच्चा
५२. श्रीमती गणपति बाई, अस्सी, वाराणसी	२०-७-७९	दूध
५३. श्री मोतीलाल पेडीवालका, वाराणसी	२३-७-७९	पक्का
